मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
गोरखपुर

आवश्यक सूचना

ऐसा संज्ञान में आया है कि कुछ अवांछनीय तत्वों द्वारा ***भ्रामक दुष्प्रचार*** किया जा रहा है कि विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक सत्र 2014-15 के सम सेमेस्टर की लिखित परीक्षायें विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व घोषित शैक्षणिक कैलेण्डर की निर्धारित तिथि पर नहीं होगी।

उक्त के परिपेक्ष्य में विश्वविद्यालय में अध्ययनरत समस्त छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि उनकी सम सेमेस्टर की परीक्षायें दिनांक 18 अप्रैल, 2015 से पूर्व घोषित एकेडेमिक कैलेण्डर में निर्धारित तिथियों से ही आयोजित होगी। परीक्षा की तिथियों में विश्वविद्यालय स्तर से किसी भी प्रकार का बदलाव न तो किया गया है और न ही किया जा रहा है।

अतएव समस्त छात्र-छात्राओं से अपेक्षा की जाती है कि वे ***भ्रामक दुष्प्रचार*** पर ध्यान न देते हुये अपनी परीक्षाओं की तैयारी करें तथा पूर्ण मनोयोग से निर्धारित दिनांक 18.4.2015 से प्रारम्भ होने वाली सम सेमेस्टर परीक्षाओं में सम्मिलित हों।

(के0पी0 सिंह)
कुलसचिव

पृ0सं0/मा0प्रौ0वि0/कुस0का0/ 1080 /2015 दिनांक : 01 अप्रैल, 2015

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. वै0स0 कुलपति को माननीय कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. समस्त अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष।
3. चीफ वार्डेन/समस्त वार्डेन्स।
4. चीफ प्राक्टर को इस प्रकार के भ्रामक प्रचार करने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही हेतु। इस प्रकार के दुष्प्रचार में संलिप्त मोबाइल नम्बर की सूचना पृथक से प्रेषित की जा रही है।
5. वित्त नियंत्रक।
6. चेयरमैन, आई0टी0 रिसोर्स सेंटर
7. वेबमास्टर को वेबसाइट पर प्रदर्शन हेतु।
8. समस्त सूचना पट पर छात्र-छात्राओं के सूचनार्थ।
9. गार्ड फाइल।

01.4.15
(के0पी0 सिंह)
कुलसचिव